दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में



वर्ष :- 03 अंक :- 65 मुरादाबाद, 24 June 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## कमला हैरिस बोलीं- भारत-अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की सबसे अहम साझेदारी



धानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर हैं। गुरुवार को स्थानीय समय अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बातचीत के बाद संयुक्त बयान जारी किया। अब भारतीय विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने संयुक्त बयान को लेकर पूरी जानकारी दी है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा अंतरिक्ष, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं में द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर लेकर जाएगी। पीएम मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त संत्र को दो बार संबोधित करने वाले पहले नेता बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को संबोधित करने से पहले 2016 में भी इसके दोनों सदनों को संबोधित किया था। हैरिस के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, भारत-अमेरिका की साझेदारी पहले से कहीं अधिक मजबूत है। हमारे देश मिलकर भविष्य को आकार देंगे। हम अधिक समृद्ध, सुरक्षित और स्वस्थ दुनिया बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा,अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी 21वीं सदी की सबसे अहम साझेदारियों में से एक है और यह यात्रा अंतरिक्ष से लेकर रक्षा, उभरती प्रौद्योगियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्र तक हमारी साझेदारी को अगले स्तर पर लेकर जाएगी।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गुरुवार को सेमीकंडक्टर मिशन के लिए 2.8 बिलियन यूएस डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी गई है। बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच तकनीक के जिन 20-25 क्षेत्रों में सहयोग की बात हुई है, उनमें सेमीकंडक्टर भी शामिल है। अमेरिका दौरे पर पीएम मोदी ने अमेरिका की चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी को भारत में मैन्युफैक्चरिंग करने का आमंत्रण दिया है। इस पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री दिसंबर 2021 में ही देश में सेमीकंडक्टर मिशन की शुरुआत कर चुके हैं और बीते 18 महीनों में इसमें काफी प्रगति हुई है।

बीते कल के एलान से युवाओं को संदेश दिया गया है कि आने वाले सालों में उन्हें अमेरिकी स्टार्ट अप्स के साथ काम करने का मौका मिलेगा, जिससे देश का तकनीकी क्षेत्र खूब विकसित होगा। इसके निवेश से देश में 80 हजार नौकरियां बन सकती हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने असाधारण गर्मजोशी से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। जो बाइडन और जिल बाइडन के आतित्थ में आत्मीयता और गर्मजोशी साफ देखी जा सकती है। पीएम मोदी के सम्मान में अमेरिका में दिए गए राजकीय भोज में कई दिग्गज शामिल हुए। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी और एल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई और उनकी पत्नी अंजलि पिचाई भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान इनकी तस्वीर भी सामने आई है।भारतीय उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने राजकीय डिनर की कुछ वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। ऐसी ही एक वीडियो में कलाकार अपनी प्रस्तुति के दौरान हिंदी फिल्म के मशहूर गाने मेरी उम्र के नौजवानों.... गीत गाते दिख रहे हैं। क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 9/11 हमले के दो दशकों बाद और 26/11 के एक दशक बाद आतंकवाद की समस्या अभी भी वैश्विक समुदाय के लिए चुनौती बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहचानने की जरूरत है कि जो लोक आतंकवाद को प्रायोजित करते हैं और आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उनकी पहचान करने की जरूरत है। वे हमारे समाज की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं और उनसे बहुत सख्ती से निपटना होगाक्वात्रा ने पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जब प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच चर्चा हुई तो दोनों के बीच वैश्विक चुनौतियों के बारे में बात हुई। साथ ही यह भी चर्चा हुई कि दोनों देश किस तरह से इस चुनौती को कम करने और इससे निपटने के लिए कैसे सहयोग कर सकते हैं। अब हमारी कोशिश होगी कि कैसे ये चर्चाएं ठोस रूप ले सकती हैं।विनय क्वात्रा ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन के बीच बातचीत हुई तो उसमें तकनीक को लेकर फोकस रहा। तकनीक के क्षेत्र में 20-25 क्षेत्रों की पहचान की गई है, जिसमें दोनों देश साझीदारी कर सकते हैं। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में भी इसका जिक्र है।

## दूल्हा तैयार है...आप स्वागत की तैयारी करो, भाजपा के वार पर कांग्रेस का पलटवार



विपक्ष की बैठक पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह परिवारवाद, वंशवाद और भ्रष्ट लोगों की बैठक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगली बार पीएम मोदी 400 का आंकड़ा पार करेंगे।बिहार के पटना में आयोजित हुई विपक्षी पार्टियों की बैठक ने देश की राजनीति को गरमा दिया है। विपक्षी पार्टियां जहां एकजुटता दिखाने का मौका नहीं छोड़ रही हैं, वहीं भाजपा विपक्षी एकता को खोखला दिखाने में कसर नहीं छोड़ रही है।

दोनों तरफ से लगातार बयानबाजी की जा रही है। भाजपा ने जहां विपक्ष के पीएम पद के उम्मीदवार को लेकर निशाना साधा तो कांग्रेस ने उस पर तगड़ा पलटवार किया है। दूल्हा तैयार है... विपक्ष की बैठक पर भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने गठबंधन के चेहरे को लेकर तंज कसते हुए कहा था कि नीतीश कुमार 2024 के लिए बारात सजा रहे हैं पटना में, बारात में दूल्हा भी होता है, पर इस बारात का दूल्हा कौन है? रवि शंकर के हमले पर कांग्रेस ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि रवि शंकर दूल्हे की चिंता ना करें...हमारा दूल्हा तैयार है। आप बारात के स्वागत की तैयारी करो। तिवारी ने कहा कि विपक्ष की बैठक लोकतंत्र को बचाने के लिए एक सुर में आवाज उठाने के लिए थी।

### सत्ता पक्ष ने विपक्षी एकता को लेकर उठाए सवाल

विपक्ष की बैठक पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह परिवारवाद, वंशवाद और भ्रष्ट लोगों की बैठक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगली बार पीएम मोदी 400 का आंकड़ा पार करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने विपक्ष की बैठक पर कहा कि 2024 में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। विपक्षी एकता एक झूठ है और यह सिर्फ तस्वीरों के लिए की जा रही है। लालू यादव, नीतीश कुमार इमरजेंसी के दौरान कांग्रेस के खिलाफ लड़े थे लेकिन अब वह हाथ मिला रहे हैं।बता दें कि विपक्षी एकता की यह बैठक बिहार की राजधानी पटना में आयोजित हुई। इसका आयोजन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। बैठक का उद्देश्य 2024 लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी पार्टियों में आम सहमति बनाना था। विपक्ष की बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, सांसद संजय राउत, एनसीपी नेता शरद पवार और जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला और वामपंथी पार्टियों समेत कई नेता शामिल हुए।

## गडकरी ने याद किए नब्बे के दशक के दिन, बोले- तब कांग्रेस नेता मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन आज..



पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना मोदीनॉमिक्स का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है, क्योंकि यह न केवल धन सृजन का साधन है, बल्कि रोजगार सृजन का साधन भी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को यह बात कही। नितिन गडकरी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन के लिए घरेलू पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना और विकास के लिए विदेशी पूंजी लाना जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मोदी सरकार पूंजी निवेश को प्रोत्साहित कर रही है, इसलिए 900 करोड़ रुपये के बजट के साथ 9 लाख करोड़ रुपये के कार्य किए जा चुके हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, %कांग्रेस के 60 साल के शासन में पूंजीपतियों के खिलाफ नफरत फैलाई गई। कांग्रेस के शासन के दौरान शासन बजट केंद्रित था। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन के लिए घरेलू पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना और विकास के लिए विदेशी पूंजी लाना जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मोदी सरकार पूंजी निवेश को प्रोत्साहित कर रही है, इसलिए 900 करोड़ रुपये के बजट के साथ 9 लाख करोड़ रुपये के कार्य किए जा चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूंजी निवेश पैसा और नौकरियां पैदा करता है। 1990 के दशक में महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मंत्री के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए गडकरी ने कहा कि तब वह बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) और पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के आधार पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में बात करते थे। तो कांग्रेस नेता यह कहते हुए उनका मजाक उड़ाते थे कि क्या सरकार को बीओटी और पीपीपी पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज, बीओटी और पीपीपी मॉडल अच्छी तरह से स्वीकार किए जाते हैं। गडकरी ने कहा कि विकास और आर्थिक वृद्धि पर ध्यान देने के साथ सुशासन के कारण मोदी सरकार में निर्णय लेना पारदर्शी और समयबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य गरीबी और सामाजिक-आर्थिक असमानता का खत्म करना है। मोदी सरकार की अंत्योदय योजनाओं से समाज के गरीब तबकों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 9.5 करोड़ लोगों को लाभ हुआ है, जबकि 3.5 करोड़ नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिले हैं। उन्होंने कहा, %49 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, आयुष्मान भारत (स्वास्थ्य योजना) के तहत 37 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं और स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है। इनमें से अधिकांश योजनाओं ने गरीबों को लाभ पहुंचाया है

## लग्जरी कार छोड़, हेमा मालिनी ने ई-बस में किया सफर; बोलीं- कम बजट में सुगम यात्रा



हेमा मालिनी ने ई-बस से सफर किया और यात्रियों से फीड बैक लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी और बसें आनी हैं, जो पूरे ब्रज में चलेंगी। इससे कम बजट में अच्छा सफर श्रद्धालुओं को मिलेगा। सांसद हेमा मालिनी ने उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग द्वारा मुहैया कराई गई ई-बस का सफर कर दैनिक यात्रियों और श्रद्धालुओं से फीडबैक लिया। करीब पांच किलो मीटर की यात्रा में नगर विकास के विशेष सचिव राजेंद्र पेंसिया भी साथ रहे।ओमैक्स सिटी स्थित अपने आवास से सांसद इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर प्रेम मंदिर होते हुए कृष्णा आर्चिड पहुंची। ड्रीम गर्ल को बस में देखकर यात्री प्रफुल्लित हो गए। यात्रियों में सांसद के साथ फोटो कराने की उत्सुकता देखी गई। कई ने तो मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने शुरू कर दिए। सांसद ने भी यात्रियों को निराश न कर फोटोशूट कराया। उन्होंने यात्रियों से बस के फायदे जाने।

उन्हें बताया गया कि अभी तक टेम्पो में यात्रा करनी पड़ती थी। एक टेम्पो में 14-14 सवारी बैठकर जाती थीं, लेकिन ई-बस आने के बाद आरामदायक सफर हो गया है। खासकर गर्मी के दिनों में एसी बस से चलना मुफीद हो रहा है, जबकि किराया भी टेम्पो के आसपास है। बस में लगे सीसीटीवी सुरक्षा के लिहाज से बेहतर हैं। सांसद ने बस में साफ-सफाई की तारीफ की और बताया कि अभी और बसें आनी हैं, जो पूरे ब्रज में चलेंगी। इससे कम बजट में अच्छा सफर श्रद्धालुओं को मिलेगा।

## संजय गांधी की पुण्यतिथि - पहली बार दादा को श्रद्धांजलि देने पहुंचीं वरुण गांधी की बेटी, मेनका भी रहीं मौजूद



पीलीभीत के भाजपा सांसद वरुण गांधी और उनकी मां पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली के शांतिवन पहुंच कर दिवंगत कांग्रेस नेता संजय गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वरुण गांधी के साथ पहली बार उनकी बेटी अनसुइया गांधी भी अपने दादा संजय गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने शांतिवन में पहुंची। अनसुइया ने अपने पिता के साथ दिवंगत दादा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। दिवंगत कांग्रेस नेता संजय गांधी की पुण्यतिथि पर हर साल उनके बेटे वरुण गांधी अपनी मां मेनका गांधी के साथ शांतिवन पहुंचते रहे हैं। पहली बार उनके साथ अनसुइया गांधी दादा को श्रद्धांजलि देने पहुंचीं। अनसुइया ने पुष्प अर्पित कर दादा के स्मारक को नमन किया। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने ट्विटर पर अपनी बेटी अनसुइया और मां मेनका गांधी के साथ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा कि अनसुइया गांधी ने आज पहली बार अपने दादा स्वर्गीय संजय गांधी को उनकी 43वीं पुण्यतिथि पर शांतिवन में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विमान हादसे में हुई थी मृत्यु

बता दें कि 23 जून 1980 को विमान हादसे में संजय गांधी का निधन हो गया था। कांग्रेस में उनकी छवि कद्दावर नेता के तौर पर थी। वे युवाओं में खासे लोकप्रिय थे। निधन के बाद उनकी की अंत्येष्टि शांतिवन में की गई थी। यहां पर संजय गांधी का स्मारक बना है। पुण्यतिथि पर हर साल उनके बेटे वरुण गांधी अपनी मां मेनका गांधी के साथ शांति वन आते रहे हैं। पहली बार उनके साथ अनसुइया गांधी अपने दादा को श्रद्धांजलि देने पहुंची।

## संपादकीय Editorial

# China's 'terrorist' veto

China has once again misused the 'Veto Power' in the United Nations Security Council. Now it has become accustomed that whenever there is a proposal to declare any terrorist of Pakistan as a 'Global Terrorist', China blocks it through 'Veto'. The latest case is of Sajid Mir, the 'mastermind' of the 26/11 Mumbai terror attack, who was proposed by India and the US to be listed as a 'global terrorist'. America had even announced a reward of Rs 41 crore on him. The proposal was made in September last year, but China had stopped it on technical grounds. This was continuously considered and now on 20th June the same proposal was presented again in the Security Council. China misused its 'privilege' again. China is not achieving any great achievement by doing this, but wants to make its 'special power' illegitimate. Of course, Pakistan is a 'hostage' country of China. The burden of China's debt and other favors on Pakistan is so much that it cannot speak. China had saved Masood Azhar, the leader of the Jaish-e-Muhammad terrorist organization, in the Security Council for years, advocated for him, but finally, China could not save him from being declared a 'global terrorist'. Only five countries – America, China, Russia, France and Britain – have veto power in the United Nations Security Council. The purpose for which this special power was given has been destroyed today.

The world system has also changed, so this demand is repeated again and again that the system of the United Nations should be reformed and powerful, prudent countries like India, Japan, Germany should also be given the privilege of veto by making them 'permanent members'. Although India has exposed China and Pakistan in the Security Council by listening to an audio related to the 26/11 terrorist attack. In the audio, the Lashkar-e-Taiba terrorist was instructing the terrorists who entered Mumbai to shoot them immediately if there is any movement around.' Apart from this, Pakistani-American terrorist David Headley was arrested by the US agency FBI from Chicago in 2008. Was caught He testified in a US court in 2011 and in a Mumbai court in 2016 that Sajid Mir and Major Iqbal, whom he described as officers of Pakistan's intelligence agency ISI, were among the "key conspirators" of the 26/11 attacks. Mir was also on the FBI's 'Most Wanted Terrorist' list.

All this information and evidence has been placed before the Security Council.

Despite that, China has been blocking the proposal by misusing the 'veto'. This is a question on the United Nations system. 'Veto' should be redefined in the new world order. China can put obstacles in that too, but the majority 'veto power' of America, France, Britain can come in favor of the amendment. It is obvious that the pair of Russia and China will remain different. If there is a discussion between US President Joe Biden and Indian Prime Minister Modi on this role of China, then China should also be declared as a haven country for terrorism. The country which remains as the 'armour' of terrorists like Pakistan, should be called 'Terrorism' only. What diplomacy says is meaningless. When China is protecting terrorists through veto, a befitting reply should be given to it. China was bound by its image and after the Pulwama terror attack in 2019, in the case of Masood Azhar, it had to withdraw the veto. Now the case of Sajid Mir has been blocked by China when the Indian Prime Minister is in America on a state visit. Since 2006, China has been misusing the 'Veto Power' for the sake of Pakistani terrorists.

# Politics: Language in Panchayat elections, an issue arising in opposition to the ordinance

The West Bengal Government has abolished the option of Hindi, Urdu and Santhali languages in the State Public Service Commission examinations. Violence in the ongoing panchayat elections in West Bengal has caught the attention of the people, but another issue seems to be affecting the political life there very fast, which is getting less attention. In fact, in the past, the Mamata government of the state had issued an ordinance, according to which the options of Hindi, Urdu and Santhali languages have been abolished in the State Public Service Commission examinations. And it has been made mandatory for all the candidates to appear in Bangla exam of 300 marks. The state government has issued this ordinance in the name of promoting localism. Due to this, the way of jobs in the State Public Service Commission seems to be closed for Hindi, Urdu and Santhali speaking people settled in Bengal for almost two centuries. This is the reason why people of these languages are angry. By the way, there is also anger in the northern hilly region of West Bengal, where Nepali speakers are in sizeable numbers. Hindi, Bhojpuri, Maithili, Marwari, Nepali and Bhutia languages are spoken in abundance in many areas of West Bengal. The areas around Kolkata have a sizeable number of people from Hindi speaking regions to Gujarat. They can read, write and speak Bengali, but have less command of Bengali than the natives. For such people, the option of these languages was also kept in the examination of the State Public Service Commission. The question arises whether the monopoly of Bangla speaking people in the higher jobs of the state government will not increase just by making Bangla compulsory. Due to the situation that will be created because of this, will the diverse colorful nature of the state be reflected in its A grade jobs? If linguistic diversity is not visible in the A grade jobs of the state, will the officers coming out of it be able to do justice to the diverse linguistic population of the state? Will Hindi, Urdu, Santhali and Nepali speaking people living for centuries not be considered as the original inhabitants of the state? Keep in mind, there are about two thousand schools in the state, where Hindi medium is taught. Obviously, how far is it right to make Bangla compulsory for better government jobs for the generation that has come out of such education? In the state where a person named Nalini Mohan Sanyal got the first MA degree in Hindi, from where the first Hindi newspaper Udant Martand came out, in that Bengal, if Hindi is excluded from the State Public Service Commission examination, then it will be surprising. When the Trinamool government formed the Hindi Academy before the last assembly elections, it seemed that Mamta would continue to promote the pluralistic linguistic culture of the state, but now her attitude is changing. Perhaps he feels that the native voters of the state will be more favorable towards him because of his love for Bengali, which can benefit him in the Lok Sabha elections. Those who know the education system of West Bengal, they know that many children of Bengali speaking students studying in English medium study Hindi in the name of second language. Its effect is visible in the students of Bengali origin who have reached Hindi-speaking states. It is obvious that such students used to have the option of Hindi also in the State Public Service Commission examinations. Due to the new ordinance, these students will also suffer. A large section of the voters of the state is understanding this politics of language. Perhaps this is the reason why this issue of language is also visible in the panchayat elections of the state, especially in areas adjacent to Jharkhand, Kolkata, Chittaranjan, suburbs of Kolkata, Siliguri, Darjeeling etc. How much effect it will have, it will be known only after the results. But it is also true that one of the reasons for the attacks on Hindi speakers in Panchayat elections is also the issue arising out of opposition to the ordinance.

# Pakistan: Cracks in coalition government on the threshold of elections, will 'small government' replace Imran

Cracks are showing in Pakistan's coalition government and this was expected, as general elections are expected to be held by November this year. Imran Khan, on the other hand, is facing an uncertain future. In such a situation, there seems to be more possibility of Bilawal Bhutto appearing in the form of opposition in the upcoming elections.

Last time I wrote this column, I was saddened by the horrific tragedy of the Coromandel Express train accident in India's eastern state of Odisha. Pakistan's national flag was flown at half-mast this week as the country mourned the tragedy in Greece in which illegal migrants traveling from Turkey to Italy died in a shipwreck at sea. Seeing no future for themselves in their country, those youths risked their lives for a better life in Europe.

Human trafficking is under the control of international mafia and despite arrests there is no guarantee that youth will not flee by road, air or sea. Meanwhile, the Pakistan People's Party (PPP) celebrated the 70th birthday of late Prime Minister Benazir Bhutto, who died at a very young age.

His biggest contribution to democracy in Pakistan is that he convinced his political rival Pakistan Muslim League (PML-N) chief Nawaz Sharif to sign the Charter of Democracy. Nawaz Sharif still remembers that the security establishment was using the PPP against the PML(N).

It was an era of supremacy of popularly elected government and it was time for the two largest political parties to refuse to be puppets of the security establishment. Benazir Bhutto is no more in this world. Her husband Asif Ali Zardari and her son and PPP chairman Bilawal Bhutto Zardari have accused Nawaz Sharif and his brother Prime Minister Shahbaz Sharif of moving a no-confidence motion against Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI) chairman Imran Khan and overthrowing his government. shook hands with Later both the parties joined hands with other allies to form the new government. However, this week we saw cracks in the ruling coalition government becoming visible and this is to be expected, as general elections are expected in November this year, with only a few weeks left in the term of the 15th National Assembly.

Imran Khan, on the other hand, faces an uncertain future and there are high indications that he will either be disqualified or sent to jail. Most of his senior supporters have deserted him. So, who will now play the role of the opposition during the elections? This was answered to some extent when Foreign Minister Bilawal Bhutto Zardari announced that he would not participate in the ongoing treasury debate in the National Assembly, as the Finance Minister had rejected Sindh. Has not allocated funds for the flood affected people as per his promise, while he had promised it.

Sindh was worst hit by the 2022 floods, and as elections approach, PPP is particularly concerned that it has to answer to the people in interior Sindh, who still don't have a roof over their heads And they are constantly being displaced. This caused great embarrassment to Prime Minister Shahbaz Sharif, and he immediately proceeded to hold meetings with representatives of the PPP to make up for the loss, but Bilawal Bhutto did not attend these meetings. The English daily The Dawn wrote, 'Ultimately it was always expected to break up this ruling coalition, which was united for political reasons.' The PPP is in a much better position in the southern region of Sindh and is expected to win a landslide victory in the elections there. Especially now that PTI has been disbanded and PML(N) doesn't have a very strong foothold there.

The Jamaat-e-Islami and some smaller parties may spoil the game and get some seats at the provincial level. Pakistan will also hold elections for the National Assembly as well as four provincial assemblies - Punjab, Sindh, Balochistan and Khyber Pakhtunkhwa. Meanwhile, the PPP has been quietly working in the southern Punjab region, where it has traditionally won a few seats. Politicians who broke away from other parties have joined the PPP and it is expected that its chances may improve in the upcoming elections. The King's Party (backed by the security establishment) has been announced recently and is made up of disgruntled senior leaders who have left PTI of Imran Khan. It has been named IEP (Istehkam-e-Pakistan) and is headed by Jahangir Tareen, a veteran sugar baron from Punjab. Jahangir Tareen, once the biggest financier of PTI, has now severed ties with Imran Khan. There is a strong possibility that at least in Punjab, PPP may play spoilsport and snatch seats from PML(N).

Rumors are also being heard that the Pakistan People's Party may enter into an electoral tie-up with the Pakistan Muslim League for seat sharing with the IEP. A political commentator says, 'IEP probably has the blessings of the security establishment, which consists largely of PTI defectors, most of them from Punjab.' The PPP wants to distance itself from the PML(N) because of the disastrous financial policies of Shahbaz Sharif. In addition, the IMF The conditions have led to the highest inflation in the history of Pakistan. Even PML(N) leaders are finding it difficult to face supporters in their constituencies. This is the reason why PML(N) is now eagerly waiting for the return of its supremo Nawaz Sharif from London where he is living in self-exile. He is expected to return after Eid and will surely inject some life into his unpopular party.

# भाई की हत्या कर खुद थाने जाकर किया सरेंडर, बोला- आए दिन करता था नशा, उतार दिया मौत के घाट



मुरादाबाद- थाना सिविल लाइन इलाके के चक्कर की मिल्क में भाई ने अपने भाई के ऊपर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। भाई की हत्या के बाद आरोपी खुद पुलिस स्टेशन पहुंचा और आत्मसर्मपण कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में मातम छा गया। हत्या की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण मृतक का नशा करना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, मृतक युवक का नाम फाकिर है जो नशे का आदी था। मृतक फाकिर के तीन बच्चे हैं। शुक्रवार दोपहर वो घर में नशा करके आया था,

जिसका विरोध उसके भाई शादाब और साजिद ने किया। भाई शादाब ने फाकिर के सिर पर लकड़ी की पटरी से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

घटना के बाद घर में चीखपुर मच गई। घटना की जानकारी मिलते सिविल लाइन पुलिस के साथ ही डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इधर, कुछ देर बाद ही एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ ही आसपड़ोस के लोगों से घटना की जानकारी ली। वहीं आरोपी शादाब भाई की हत्या कर थाने पहुंच गया और खुद को सरेंडर कर दिया। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के मुताबिक आरोपी शादाब खुद थाने पहुंचा और बताया की उन्होंने अपने भाई को मार दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा की आरोपी का सगा भाई घर में खून में लतपथ पड़ा हुआ है। कारवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साजिद और शदाब नाम के दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में है कानूनी कारवाई की जा रही।

# रोगियों की सेवा में लगीं एंबुलेंस 'बीमार', जिम्मेदार बेफिक्र

मुरादाबाद-अनदेखी! स्वास्थ्य विभाग संग स्कूली वाहनों की भी दुरुस्त नहीं है सेहत, ब्लड परिवहन करने वाला वाहन भी है अनफिट जिले के सात हजार से अधिक वाहनों की 'सेहत' ठीक नहीं है। गंभीर बात ये है कि इनमें एंबुलेंस व स्कूल वाहन भी शामिल हैं। अनफिट होने के बाद भी यह वाहन मार्गों पर फर्राटा भर रहे हैं। इनसे कब-कहां समस्या खड़ी हो जाए, ये कहना मुश्किल है लेकिन, जिम्मेदार बेफिक्र हैं। वैसे जिले के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत एंबुलेंस की कुल संख्या 225 बताई जा रही है, इनमें से 107 एंबुलेंस 'बीमार' हैं। इसके बाद भी ये एंबुलेंस रोगियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा रही हैं। यही हाल स्कूली वाहनों का भी है। एआरटीओ कार्यालय में स्कूली वाहनों की संख्या 834 है। इनमें से 155 स्कूली वाहन अनफिट घोषित हैं। अनफिट वाहन बच्चों को विद्यालय और घर तक छोड़ रहे हैं।



## 11 वर्षों से अनफिट वाहन कर रहा रक्त परिवहन

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक का रक्त परिवहन वाहन (यूपी 32 बीजी-5395) पिछले 11 वर्षों से अनफिट है। 14 जून 2010 में पंजीकरण के बाद से अब तक इस वाहन में प्रदूषण की जांच ही नहीं कराई गई है। लेकिन, यह वाहन रक्त परिवहन में प्रयोग किया जा रहा है।

## बिना पीयूसीसी के दौड़ रही एंबुलेंस

एंबुलेंस (यूपी 32 इजी 4966) की पोल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसीसी) की अवधि पूरी हो चुकी है। वैस इसका परिवहन विभाग में पंजीयन सात जून 2022 को हुआ था। चूंकि नियम है कि नए वाहन को अगले एक वर्ष तक के लिए पीयूसीसी से छूट रहती है। ऐसे में इस एंबुलेंस के लिए छह जून 2023 तक पीयूसीसी की जरूरत नहीं थी। लेकिन, अवधि पूरी हुए 16 दिन हो गए पर अभी इस एंबुलेंस का पीयूसीसी नहीं लिया गया है। ऐसे में यदि इसका चालान हो तो 10,000 रुपये का होगा। एंबुलेंस (यूपी 32 ईजी 5086) के पंजीयन के बाद से आज तक पीयूसीसी नहीं बना है।

अनफिट वाहनों की निगरानी एआरटीओ प्रवर्तन करते हैं। अनफिट वाहन सड़क पर चलता पाया जाता है तो उसके सीज करने का प्रावधान है। अनफिट वाहनों की संख्या बढ़ने का कारण ये भी है कि पहले निश्चित अवधि बीतने पर 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब में जुर्माना लगता था। लेकिन, न्यायालय के एक आदेश के बाद सरकार ने जुर्माने के नियम को हटा दिया। लिहाजा, अनफिट वाहन की फिटनेस कभी भी कराई जा सकती है, इसके लिए कोई जुर्माना नहीं है। बशर्ते अनफिट वाहन सड़क पर संचालित होता न मिले। - अजय तिवारी, संभागीय निरीक्षक-प्राविधिक

# खिलेंद्र समेत मुरादाबाद मंडल के तीन शिक्षकों को बेसिक शिक्षामंत्री ने किया सम्मानित



मुरादाबाद- लखनऊ में आयोजित पुरस्कार वितरण में पहुंचे थे सभी 75 जिलों के योगाचार्य, राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के प्रतिभागी शिक्षकों को बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र दिया लखनऊ में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते मुरादाबाद के चंगेरी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व योग प्रशिक्षक खिलेंद्र सिंह। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मुरादाबाद के खिलेंद्र सिंह के अलावा रामपुर, सम्भल सहित सभी 75 जिलों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चयनित होने पर लखनऊ में सम्मानित किया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद की ओर से 15-20 जून तक पंचम राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चयनित प्रदेश के सभी जिलों के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों जो योग प्रशिक्षण भी देते हैं

को पुरस्कृत करने के लिए बुलाया गया था। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक डॉ. अंजना गोयल ने इसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारियों, उप शिक्षा निदेशक और डायट प्राचार्य को पत्र लिखा था। जिसके क्रम में मुरादाबाद के प्राथमिक विद्यालय चंगेरी के प्रधानाध्यापक व योग प्रशिक्षक खिलेंद्र सिंह को लखनऊ में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शुक्रवार को बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे जिले के शिक्षकों में खुशी है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह ने सम्मानित शिक्षक का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इससे दूसरे शिक्षकों को भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं मंडल के रामपुर जिले के उच्च प्राथमिक स्कूल किशनपुर पनचक्की के सहायक अध्यापक अवधेश मिश्रा, सम्भल जिले के प्रावि मिजौपुर ककरौआ के प्रधानाध्यापक ऊधमसिंह को भी बेसिक शिक्षा मंत्री के द्वारा सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था। जिन्हें प्रशस्ति पत्र मिला।

# एमडीए 1250 हेक्टेयर में बसाएगा आधुनिक शहर, मेडिसिटी, एजुकेशन और हैंडीक्राफ्ट समेत अन्य सुविधाएं होंगी विकसित




मुरादाबाद-रिवरफ्रंट, एम्यूजमेंट पार्क, व्यावसायिक नगर और पर्यटन का बनेगा केंद्र मुरादाबाद विकास प्राधिकरण 1250 हेक्टेयर जमीन पर मेडिसिटी, एजुकेश सिटी, हैंडीक्राफ्ट, आईटी सिटी से युक्त आधुनिक शहर बसाएगा। सब कुछ योजना के अनुसार चला तो अगले तीन से पांच साल में यह साकार हो जाएगा। इसमें रिवरफ्रंट, एम्यूजमेंट पार्क, व्यवसायिक नगर, स्पोर्ट्स सिटी और पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने शुक्रवार को इस महत्वाकांक्षी परियोजना की जानकारी दी। प्राधिकरण कार्यालय के समागम सभागार में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इसमें डिडोरी, डिडोरा, चौधरपुर, खदाना, रसूलपुर सुनवाती, सोनकपुर, भीमाठेर, लोधीपुर जवाहरनगर, सलेमपुर बांगर, शाहपुर तिगरी और सिकंदरपुर की भूमि शामिल होगी। भूस्वामी से जमीन की सीधे खरीद होगी। इस आधुनिक शहर में शिल्पग्राम भी बनेगा। उन्होंने बताया कि जमीन की खरीद प्राधिकरण सीधे भूस्वामी से कर उनके खाते में भुगतान करेगा।मास्टरप्लान में चिह्नित महायोजना मार्गों का निर्माण, हरित क्षेत्र का विकास, कांठ रोड को दिल्ली रोड से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे शहर में जाम से निजात मिलेगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि इसके अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर पूर्ण रूप से रोक लगेगा। गागन नदी की सीमा से शहर को विकसित किया जाएगा। सिंगल विंडो पर प्राधिकरण के भूतल पर सात जुलाई तक आपत्ति और सुझाव दे सकते हैं।जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति दरों का शीघ्र निर्धारित की जाएगी। आर्टिजनों के हुनर को मंच मिलने से रोजगार विकसित होगा। उन्होंने उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि मुरादाबाद महायोजना 2051 शासन में भेज दिया गया है। उम्मीद है जल्द स्वीकृति मिलेगी। इस दौरान प्राधिकरण के सचिव राजीव कुमार पांडेय मौजूद रहे।

# हद है! सुन लो, अब तुम दिखना नहीं पुलिस स्टेशन पर...

मुरादाबाद-पुरबिया एक्सप्रेस में लुटेरों के शिकार बने लोको पायलट को जीआरपी उप निरीक्षक की फटकार उत्तर रेलवे की ट्रेन और वातानुकूलित डिब्बे में यात्रा की सुरक्षा का सच डरावना है। उससे अधिक असंवेदनशील रवैया है यहां रेलवे पुलिस थाना के वर्दीधारी का। रेलवे कर्मचारी को घटना की रिपोर्ट पंजीकृत कराने में नाकों चने चबाने पड़े। घटना में शामिल शातिरों की पहचान करने के बाद पीड़ित आभूषण के लिए दर-दर भटक रहा है। हद तो यह है कि थाने के निरीक्षक ने पीड़ित को यह कह कर थाने से खदेड़ दिया कि दोबारा यहां पुलिस स्टेशन पर नहीं दिखाई देना। घटना की पटकथा कुछ इस तरह है, मंडल मुख्यालय पर तैनात गुड्स ट्रेन के लोको पायलट बबलू कुमार पुरबिया एक्सप्रेस में तब लुट गये जब वह 16 जून को बिहार से लौट रहे थे। बबलू पुरबिया एक्सप्रेस के ए-टू कोच में पत्नी और बच्चों के साथ सवार थे। दलपतपुर से कटघर के बीच नाटकीय ढंग से इस रेल कर्मचारी के साथ लूट की घटना अंजाम दी गई। बकौल, बबलू कुमार- कटघर से दलपतपुर के बीच मेरे कोच में अचानक पांच लोग चढ़



गए। जबकि हम बैग सहित और सामान धीरे-धीरे अपने कूपे से बाहर की ओर निकालने लगे। इसमें से दो नौजवान अचानक मेरी मदद को तैयार हो गए। जबकि, मैं कोच के दरवाजे के नजदीक अपना झोला रखकर अंदर ट्राली बैग और सामान लाने चला गया। शातिरों ने इस बीच दौरान टायलेट के नजदीक रखे ट्राली बैग का ऊपरी चेन में चीरा लगाकर 10,000 की नकदी और 3,00,000 के आभूषण निकाल लिए गए। स्टेशन पर ट्रेन करीब 11 बजे पहुंची, इस दौरान यात्रियों की भीड़ में मदद के लिए खड़े सभी अपरिचित गायब हो गए। ट्रेन से उतरने के बाद मैं अपने आवास चला गया, जहां मुझे 3=30 बजे से ड्यूटी ज्वाइन करनी थी। घर पर पत्नी ने बैग खोला तो सोने के आभूषण और नकदी गायब मिले। जिसकी जानकारी देने में थाना पहुंचा तो यहां से पुलिस ने क्षेत्राधिकार का मामला बताकर रामपुर भेज दिया। 17 जून को मेरी रामपुर में रिपोर्ट दर्ज हुई। उसके बाद मामला यहां थाने को भेज दिया गया। थाना पहुंचा तो यहां पुलिस के जवानों ने हमें कई शातिरों की तस्वीर दिखाई। जिसमें हमने दो की पहचान कर ली। बबलू कुमार कहते हैं कि घटना के बावत पुलिस के हर सवाल का मैंने जवाब दिया, लेकिन थाने के निरीक्षक उदयवीर सिंह ने मुझे धमकाया। मेरी फरियाद अनसुनी की। बोले, बदमाशों के पकड़े जाने पर सामान वापस हो जाएगा, लेकिन इस बीच थाने पर दिखायी न देना। रेलवे के पुलिस अधीक्षक सीपी शुक्ला कहते हैं कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में पुलिस टीम को कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। जल्द ही इस मामले का पर्दाफाश हो जाएगा। उधर, थाना प्रभारी सुधीर कुमार निरीक्षक उदयवीर सिंह के प्रकरण से अनभिज्ञ हैं। कहते हैं कि अवकाश से लौट आया हूं। सबकी बात सुनता हूं। पीड़ित से बात करुंगा। वादी को अगर मेरी विवेचना में विश्वास नहीं है तो वह केस ट्रांसफर करवा सकते हैं। दो दिन पहले मुझे जांच मिली है। वादी रेलवे का कर्मचारी है, उसकी नौकरी रेलवे स्टेशन से जुड़ी है। ऐसे में मेरे पर यहां दिखाई ने देने का आरोप गलत है। आरोप कोई कुछ भी लगा सकता है। पीड़ित को घटना की जानकारी यहां नहीं हुई। यह सवाल ही हमने पूछा था। इस मामले में रेलवे के कई कर्मचारी मुझसे पूछने आ गए थे। केस दर्ज कराने वाले ने मीडिया में भी बयान दिया है। मैं थाना नहीं आने और भाग जाने की बात भला क्यों कहूंगा? -उदयवीर सिंह, निरीक्षक जीआरपी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर जनता से रूबरू हो तथा उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही करें विनोद प्रसाद रतूड़ी

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



सिल्टोना/बेतालघाट/नैनीताल - सचिव भाषा विभाग विनोद प्रसाद रतूड़ी ने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम सिल्टोना में जनसुनवाई कर आम जनमानस की परेशानियों से रूबरू हुये। सचिव विनोद प्रसाद रतूडी ने कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आम जनमानस की परेशानियों को जनता के क्षेत्र मे जाकर समाधान कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद स्तर की समस्यायें जनपद पर ही निदान हों। इसके लिए अधिकारियों को कार्य कुशलता पूर्वक करना होगा तथा जनता की समस्याओं का समाधान ससमय कर निदान करना होगा। उन्होंने कहा अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर जनता से रूबरू हों तथा उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही करें। उन्होंने कहा अपने कार्यों एवं दायित्यों के प्रति प्रत्येक अधिकारी को चिन्ता होनी चाहिए तथा हम जनता के मनसूबों पर खरे उतरेंगे। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिल्टोना बेतालघाट में जनसुनवाई में क्षेत्र के सैकडों ग्रामीणों ने पानी, विद्युत, सडक, आर्थिक सहायता, कृषि, उद्याग, पेंशन आदि की समस्याओं से सचिव विनोद प्रसादरतुडी को अवगत कराया। विनोद प्रसाद रतुडी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से मौके पर वार्ता कर समस्याओं का समाधान किया। सचिव ने मौना व्यासी- बुडलाकोट सिल्टोना मोटर मोटर मार्ग जो वर्ष 2020 में पूर्ण हो जाना था आतिथि तक पूर्ण नही किया गया है तथा वर्तमान में इस मार्ग पर कार्य चल रहा है जिसकी गुणवत्ता काफी खराब पाई गयी। सचिव ने उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा को मार्ग की गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिये। उन्होंने कहा हरहाल में 30 जून तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए। सिल्टोना निवासी आन्नद सिंह ने बताया कि ग्राम में पानी की बडी समस्या है दो वर्ष से पानी नही आने की शिकायत की। जिस पर सचिव ने जलसंस्थान एवं जलनिगम के अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिये कि एक माह के भीतर पानी आपूर्ति सुनिश्चित कर ली जाए। इसके साथ ही देवेन्द्र सिह ने बताया कि ग्राम डोबा में सिचाई विभाग की जो नहर है काफी वर्षो से उस पर कोई कार्य नही किया गया है इससे किसानों को सिचाई के लिए परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्राम प्रधान सरस्वती देवी ने बताया कि क्षेत्र में लोनिवि द्वारा सडक किनारे झाडी कटान का कार्य नही करने से आम जनमानस को आवागमन में परेशानी हो रही है।चन्दन सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने की मांग की साथ ही देवकी देवी ने गौशाला निर्माण कराने के लिए सचिव से अनुरोध किया। क्षेत्र के लोगो द्वारा सचिव को अवगत कराया कि सीएचसी सैन्टर गरमपानी में दवाओं का काफी अभाव है। सचिव ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दूरभाष पर वार्ता कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। सचिव ने इसके पश्चात टीगार्डन सिल्टोना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्देश दिये कि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को जोडकर रोजगार मुहैया करायें। इसके पश्चात सचिव द्वारा विकास कार्यों का सिम्लखा में स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा, डीडीओ गोपाल गिरी, बीडीओ महेन्द्र चन्द्र गंगवार, प्रधान सरस्वती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य केशव आर्य,जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल, डीपीआरओ सुरेश प्रकाश बैनी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल,प्रधान नारायण सिंह, पूर्व प्रधान मोहन राम के साथ ही स्थानीय जनता एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत लधौआ में गबन की शिकायत पर जांच करने गई टीम के सामने दोनों पक्षों में जमकर चले लात घूंसे

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - अकराबाद - विकास खंड की ग्राम पंचायत लधौआ निवासी बलवीरसिंह ने बीती दो जून को जिलाधिकारी के यहां एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुये ग्राम प्रधान व सचिव पर ग्रामनिधि का लाखों का धन गबन आदि के गंभीर आरोप लगाये थे। जिलाधिकारी के आदेश पर सहायक आयुक्त खाद्य अविहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं ओषधि प्रशासन सर्वेश कुमार गांव लधौआ के नगला रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर जांच के लिए पहुंचे। जहां काफी लोग इकट्ठा थे। वहीं दूसरे पक्ष ने वहां जाने से मना कर जांच अधिकारी को लधौआ प्राथमिक विद्यालय पर आकर जांच करने की बात कही। बाद में जांच अधिकारी वहां पहुंच कर मौजूद ग्रामीणों से जानकारी ले रहे थे। इसी बीच दोनों पक्ष आरोप प्रत्यारोप लगाते हुये आमने सामने आगये और जमकर हाथापाई हुई। ग्राम प्रधान संध्या सिंह ने बताया है कि विरोधियों द्वारा शिकायत गांव की पार्टी के आधार पर की गई है जो पूरी तरह निराधार है। वह लगातार गांव के विकास के लिए प्रयासरत हैं। वहीं शिकायत कर्ता बलवीर सिंह व नीरज शर्मा ने आरोप लगाया है कि जांच को प्रभावित करने के उद्देश्य से विपक्षियों ने हंगामा करते हुये शिकायत कर्ता के साथ मारपीट कराई है। इस संबंध में पुलिस को तहरीर देगें। और जिलाधिकारी से मिलकर हुई घटना की शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। जांच अधिकारी सर्वेश कुमार (सहायक आयुक्त खाद्य) ने बताया है कि दोनों पक्षों से साक्ष्य मांगे गये हैं। वह दोनों पक्षों द्वारा दिये गये साक्ष्यों की जांच करेंगे।इसके बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

# बनभूलपुरा क्षेत्र में घर में घुसकर 2 सिलेंडर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर भेजा गया जेल

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



नैनीताल- आकाश केसरवानी निवासी उपरोक्त द्वारा थाना बनभूलपुरा में आकर एक लिखित तहरीर के माध्यम से अवगत कराया गया कि किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर मे घुसकर अन्दर रखे भारत गैस कम्पनी के दो गेस सिलेन्डर चोरी कर लिए गए। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बनभूलपुरा पर स्न्ढ्ढक्र ह्ह - 171/2023, धारा - 380 भादवि पंजीकृत किया गया। चोरी की घटना के अनावरण हेतु एसएसपी नैनीताल के दिशा निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी व क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी द्वारा कुशल पर्यवेक्षण करते हुए थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में सुरागरसी- पतारसी करते हुए मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त सिलेंडर चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त मो0 इमरान पुत्र तनवीर आलम उम्र 30 वर्ष निवासी सावरी मस्जिद के पास वार्ड न0 34 थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल के कब्जे से चोरी किये गये (02 गैस सिलेण्डर भारत कम्पनी) के इन्द्रानगर फाटक के पास खण्डहर से बरामद करतें हुए गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियोग में बरामदगी के आधार पर धारा - 411भादवि0 की बढोतरी की गयी। अभियुक्त को आज समय से मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत भेजा जाएगा।

# 11 महीने की मासूम से रेप: 12 साल के लड़के ने किया गलत काम, बच्ची के रोने पर घरवालों को पता चला

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ में 11 महीने की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले ही एक 12 साल के बच्चे के ऊपर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपी बच्चे ने मासूम के साथ रेप किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी बच्चे को हिरासत में ले लिया। वहीं, पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी बालक को बाल सुधार गृह भेजने की तैयारी की जा रही है। घटना को दिया अंजामपीड़ित परिजनों ने पुलिस को बताया कि शाम को उनकी 11 महीने की मासूम बच्ची घर पर अकेली थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला एक बच्चा उनके घर पर आया और मासूम बच्ची के साथ खेलने लगा। खेलने के दौरान ही ने आरोपी ने मासूम बच्ची के साथ गलत काम करना शुरू कर दिया। जब बच्चे रोने लगी तो आरोपी वहां से निकल कर अपने घर वापस चला गया। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर जब परिजन पहुंचे तो उन्हें सारी घटना का पता चला और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मासूम की हालत नाजुकघटना के बाद से मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है और एक निजी अस्पताल में उसका इलाज जारी है। इसके साथ है पुलिस ने मासूम का मेडिकल परीक्षण भी कराया है।सीओ प्रथम अभय कुमार पांडे ने बताया कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जरा सी बात: सब्जी बनाने में हुई देरी, डंडा मारकर पत्नी का सिर फोड़ा

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -जरा-जरा सी बात पर महिलाएं अपने ही घर में हिंसा का शिकार हो रही हैं। अलीगढ़ में गंगीरी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला को महज इसलिए बुरी तरह पीटकर पति ने लहूलुहान कर दिया कि सब्जी बनाने में उससे देर हो गई थी। पीड़िता की ओर से पति के विरुद्ध थाने में तहरीर दी गई है। मामला गांव कुमरौआ का है। यहां की निवासी रेखा देवी पत्नी कालीचरन ने पुलिस को बताया कि सब्जी बनाने में कुछ देर हो गई थी। इसी बात पर गाली-गलौज करते हुए पति ने पीटना शुरू कर दिया। डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। लहूलुहान हालत में छोड़कर पति घर से चला गया। इसके बाद सास और पड़ोसियों ने गंगीरी चौराहा स्थित एक डॉक्टर के पास ले जाकर इलाज करवाया। घायल रेखा देवी ने अपने पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# श्रावण मास में कावड़ यात्रा को लेकर विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन शांति नगर पर विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया।बैठक मे 4 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावण मास में कावड़ यात्रा को लेकर विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई। श्री चौहान ने कहाँ कि कावड़ यात्रा 4 जुलाई से प्रारंभ होने जा रही है तथा सावन का महीना हिन्दू समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है क्योंकि सावन मास देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना का माह माना जाता लेकिन फिर भी अंडे मीट बिरयानी के ठेले रेलवे रोड जनता दुर्गा मंदिर के सामने दिखाई देते हैं देखने में आता है कि लोग अंडे के ठेलो पर पर शराब पीते हैं तथा सड़कों पर लड़ते हैं गाली गलौज करते हैं जिसको विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा जबकि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट आदेश हैं कि सावन के महीने में मीट अंडा बिरयानी सभी पूर्णत प्रतिबंधित रहेंगे उसके बावजूद भी खुलेआम बिकता है। श्री चौहान ने प्रशासन से मांग की है कि सावन के महीने में अंडा बिरयानी मीट के ठेले पूर्ण पर प्रतिबंधित किए जाएं तथा कड़ाई से मुख्यमंत्री जी के आदेश का पालन किया जाए अन्यथा की स्थिति में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल सड़कों पर उतरेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। बैठक में शिवम गुप्ता, सौरभ सोलंकी, सुनील चौहान, मुकेश राठौर, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, दिलीप शर्मा ,रिंकू कुमार, आदि उपस्थित थे ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एसएसपी नैनीताल ने हल्द्वानी में क्राइम मीटिंग का किया आयोजन दिए कड़े निर्देश

राजकुमार केसरवानी-क्यूँ न लिखूँ सच



